# जय राम कर लिया है | By Manish Agarwal |

हम तो अपनी मस्ती में
झूमते चले हैं
जय राम कर लिया है
रास्ते में जो मिले हैं

चाहे हो कोई मौका
खाएँगे नहीं धोखा
श्री राम से मिला है
वरदान ये अनोखा
पत्थर है राम नाम के
हम तैरते चले हैं
जय राम कर लिया है
रास्ते में जो मिले हैं

ऐलान कर दिया है
दुनिया से हम निराले
है शक किसी के दिल में
तो आके आज़माले
टकराने वाले हमसे
मिट्टी में सब डाले
जय राम कर लिया है
रास्ते में जो मिले हैं

हम राम के पुजारी
बस राम को ही जाने
भारत के बच्चे-बच्चे
श्री राम के दीवाने
भूले ना कोई मौनी
भारत में हम पले हैं
जय राम कर लिया है
रास्ते में जो मिले हैं

हम तो अपनी मस्ती में
झूमते चले हैं
जय राम कर लिया है
रास्ते में जो मिले हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-manish-agarwal/